**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**व्यय विभाग**

**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या - 1328**

***सोमवार, 06 दिसम्बर, 2021/15 अग्रहायण, 1943 (शक)***

## ओडिशा को विशेष सहायता प्रदान किया जाना

**1328. श्री रमेश चन्द्र माझी:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** क्या सरकार का विचार वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान विशेष सहायता योजना के अंतर्गत ओडिशा को वित्तीय सहायता प्रदान करने का है;

**(ख)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

**(ग)** उक्त आवंटन राज्य सरकार को कब तक जारी किए जाने की संभावना है; और

**(घ)** इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा विकास हेतु चिन्हित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) और (ख): जी हां। केंद्र सरकार ने वर्ष 2021-22 के लिए पूंजीगत व्यय हेतु राज्यों को विशेष सहायता की योजना के तहत ओडिशा राज्य सरकार को पूंजीगत परियोजनाओं के लिए 374.00 करोड़ रुपए राशि की विशेष सहायता (ऋण) का अनुमोदन किया है और प्रथम किस्त के रूप 143.12 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की है।

(ग) 29 अप्रैल, 2021 को जारी वर्ष 2021-22 के लिए पूंजीगत व्यय हेतु राज्यों को विशेष सहायता की योजना संबंधी दिशानिर्देशों के पैरा (12) के अनुसार राज्य को आवंटित राशि पात्र व्यय पर 31.03.2022 से पूर्व खर्च की जाएगी।

(घ) वर्ष 2021-22 के लिए पूंजीगत व्यय हेतु राज्यों को विशेष सहायता की योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत और राज्य द्वारा अनुमोदित पूंजीगत परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

*****

**सोमवार 6 दिसंबर, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए लोकसभा लिखित प्रश्न सं. 1328 के भाग (घ) में उल्लिखित अनुबंध-I**

**अनुबंध – I**

**(करोड़ रुपए)**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | क्या योजना नई है अथवा जारी (पूरा होने का प्रतिशत) | अदा न किए गए बिल | पूंजीगत व्यय | 2021-22 के लिए योजना के तहत विशेष सहायता (ऋण) | पूर्ण होने की अवधि | कार्यान्वयन एजेंसी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोरेडिया-कालूरिया घटा सड़क पर दोनों तरफ लम्बे पहुंच मार्गों के निर्माण सहित ब्राह्मणी नदी पर बिना फुटपाथ के 3 लेन के एचएल पुल का निर्माण | जारी (60%) | 40.00 | 40.00 | 40.00 | 30.06.2022 | निर्माण विभाग |
| 2 | जामूझाड़ी-वसुदेवपुर-धमारा सड़क का 0.000 से 18.800 किमी. और 22.750 से 60/470किमी. तक पेव्ड शोल्डर सहित मौजूदा कैरिज वे को 2 लेन की सड़क में चौड़ा करना और सीधा करना | जारी/ (70%) | 40.00 | 292.83 | 40.00 | 31.03.2022 | |
| 3 | नौपाड़ा जिला में एक मुख्य पुल सहित घटीपाड़ा-सिनापली सड़क का 52/000 किमी. से 104/650 किमी. ( 2-लेन से 4-लेन-50.65 किमी. और 4-लेन - 2.00 किमी.) का 2 लेन से 4 लेन के कैरिज वे का निर्माण (पैकेज 4.2) | नई | - | 207.54 | 30.00 | 31.03.2023 | |
| 4 | जिला कालाहांडी में एक प्रमुख पुल सहित धरनागढ़-आमापानी सड़क का 140/000 किमी. से 174/504 किमी. तक 2 लेन से 4 लेन के कैरिज वे का निर्माण ( पैकेज-4.4) | नई | - | 120.81 | 30.00 | 31.03.2023 | |
| 5 | जिला नौपाड़ा में एक प्रमुख पुल सहित घटीपाड़ा-सीनापाली सड़क का 0/000 किमी. से 52/000 किमी. तक 2 लेन से 4 लेन के कैरिज वे का निर्माण ( पैकेज-4.1) | नई | - | 142.90 | 20.00 | 31.03.2023 | |
| 6 | जिला कालाहांडी में एक प्रमुख पुल सहित सीनापाली-धरनागढ़ सड़क का 104/650 किमी. से 140/000 किमी. तक 2 लेन से 4 लेन के कैरिज वे का निर्माण (पैकेज-4.3) | नई | - | 119.59 | 20.00 | 31.03.2023 | |
| 7 | नया गढ़, नौ गांव के भाग कांडपाड़ा और भापुर ब्लॉक को मेगा पीडब्ल्यूएस | जारी (10%) | 84.00 | 594.57 | 84.00 | 20.12.2022 | आरडब्ल्यूएसएस, पीआर और डीडब्ल्यू विभाग |
| 8 | बोलगाड़ा और बेगुनिया के 327 ग्रामों को पीडब्ल्यूएस | जारी (68%) | 15.68 | 285.40 | 15.68 | 24.02.2022 | |
| 9 | कांतामल ब्लॉक के 393 ग्रामों को पीडब्ल्यूएस | जारी (81%) | 14.56 | 254.70 | 14.56 | 14.09.2022 | |
| 10 | बौद्ध ब्लॉक के 354 ग्रामों को पीडब्ल्यूएस | जारी (82%) | 13.44 | 224.20 | 13.44 | 14.09.2022 | |
| 11 | घटकेश्वर सिंचाई परियोजना | जारी (10%) | 35.00 | 35.00 | 35.00 | दिसंबर ,2022 | जल संसाधन विभाग |
| 12 | रेंगाली राइट बैंक नहर* | जारी (50%) | 30.00 | 350.00 | 31.32 | जनवरी, 2024 | |
| | **कुल** | | **272.68** | **2667.54** | **374.00** | | |

***: शेष राशि ओडिशा राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी।**

********